प्रेषिका,

श्वेता श्रीवास्तव,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट नं.7,रायबरेली।
आई0डी0नं0–यू.पी.1639

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान् जनपद न्यायाधीश,
रायबरेली।

विषयः चल–अचल सम्पत्ति का विवरण विलम्ब से भेजे जाने के कारण के संबंध में।

महोदय,

माननीय महोदय द्वारा प्रेषित पत्रांक 14325/IV-h-16 दिनांकित 03 दिसम्बर, 2021 इलाहाबाद के अनुपालन के संबंध में ससम्मान् निवेदन है कि मेरे द्वारा चल व अचल सम्पत्ति का विवरण पूर्व में वित्तीय वर्ष,2014–15 में पृष्ठांकन सं.881/। दिनांकित 05.07.2014 के जरिए विगत् वित्तीय वर्षो का जनपद बाराबंकी में न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्ति के दौरान प्रेषित किया गया था। उसके पश्चात् का माननीय न्यायालय के सी.एल.सं.16/IV-h–16/एडमिन.(A-4) दिनांकित 13 मई,2004 के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2014 से 2016, 2016 से 2018, 2018 से 2020 का चल–अचल सम्पत्ति का विवरण प्रत्येक तीसरे वित्तीय वर्ष में प्रेषित किया जाना था परन्तु प्रार्थिनी के द्वारा उपरोक्त विवरण विहित समय पर नही प्रेषित किया जा सका, जिसे अब माननीय न्यायालय के अवलोकनार्थ निर्धारित प्रारूप पर प्रेषित किया जा रहा है।

उपरोक्त विलम्ब के कारण के संबंध में निवेदन है कि प्रार्थिनी के माह अक्टूबर,2014 में प्रीमेच्योर पुत्र हुआ था,जिसके पश्चात् प्रार्थिनी मातृत्व अवकाश तथा लम्बी समयावधि तक बाल्य देखभाल अवकाश व अर्जित अवकाश पर रहती रही। वित्तीय वर्ष,2015–16 में प्रार्थिनी का स्थानान्तरण जनपद बाराबंकी से कानपुर नगर व पुनः छः माह में जनपद जौनपुर के लिए हो गया। मेरे पुत्र की लगातार अस्वस्थता एवं स्थानान्तरणों के कारण प्रार्थिनी अपने आवश्यक प्रपत्र व विवरण एकत्रित नही कर सकी। उसके पश्चात् भी अपनी माता के अल्जाइमर से पीड़ित होने व उनकी अत्यंत गम्भीर स्थिति हो जाने व विगत् वर्ष उनकी मृत्यु हो जाने के कारण प्रार्थिनी लगातार व्यक्तिगत् मानसिक परेशानियों से घिरे होने के कारण उक्त विवरण समय से प्रार्थिनी नही प्रेषित कर सकी,जिसके लिए प्रार्थिनी अत्यन्त क्षमा प्रार्थिनी है। भविष्य में ऐसी त्रुटि की पुनरावृत्ति नही होगी।

अतः माननीय महोदय से अनुरोध है कि उपरोक्त परिस्थितियोंवश हुई भूल एवं विलम्ब पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए संबंधित विवरण माननीय न्यायालय के समक्ष आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत करने की कृपा करें।

माननीय महोदय की सेवा में सादर।

भवदीया,

दिनांकः07.12.2021

Shweta 07.12.21
(श्वेता श्रीवास्तव)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट नं.7,रायबरेली।
आई0डी0नं0–यू.पी.1639